बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अभिलेख एवं परिमाप नदेशालय)

संचिका संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43 / 2020..3011.. **पटना, दिनांक** :–21/10/2022

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका के पत्रांक 939 दिनांक 07.09.2022 द्वारा श्री प्रणव कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01771) के विरूद्ध यह आरोप प्रतिवेदन किया गया था कि श्री कुमार अनाधिकृत रूप से शिविर कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं एवं इनके उदासीन कार्य शैली से अन्य विशेष सर्वेक्षण कर्मियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसके कारण सामान्यतः शिविर का लिपिकीय कार्य बाधित होता है तथा अन्य प्रतिवेदित आरोप के आलोक में सेवामुक्त करने की अनुशंसा की गयी थी।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में नैसर्गिक न्याय के तहत श्री कुमार को निदेशालय पत्रांक 2681 दिनांक 29.09.2022 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री कुमार द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है, जो वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवेहलना को दर्शाता है।

पूर्व में भी बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा श्री कुमार के निरंतर शिविर कार्यालय से अनुपस्थित रहने एवं वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवेहलना संबंधी आरोप प्रतिवेदित करते हुए सेवामुक्त करने की अनुशंसा की गयी थी, जिसके आलोक में श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरांत इनको एक अवसर देते हुए निदेशालय आदेश संख्या 2853 दिनांक 22.09.2021 द्वारा तीन माह के वेतन कटौती कर सेवा में बनाए रखा गया था। साथ ही उक्त आदेश में यह अंकित किया गया था कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति करने पर संविदा समाप्त कर दिया जाएगा।

बंदोबस्त पदाधिकारी, बांका द्वारा प्राप्त सेवा समाप्ति अनुशंसा पत्र के समीक्षोपरांत स्पष्ट है कि उपरोक्त निदेश के बाबजूद भी श्री कुमार द्वारा अपने कार्य शैली में कोई सुधार नहीं किया गया है एवं यह कार्यो में रूचि नहीं लेते हैं तथा कार्यो के प्रति लापरवाह हैं।

चूंकि विशेष सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना है, श्री कुमार के इस तरह के कृत्य से अन्य विशेष सर्वेक्षण कर्मियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के दृष्टिगत श्री कुमार को सेवा में बनाए रखना उचित प्रतीत नहीं होता है।

अतः **'बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)''** में वर्णित प्रावधान के आलोक में श्री प्रणव कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01771) का संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43 / 2020..3011.. **पटना, दिनांक** :–21/10/2022

प्रतिलिपि :– श्री प्रणव कुमार, विशेष सर्वेक्षण लिपिक (SCL01771), बंदोबस्त कार्यालय, बांका ई–मेल आई0डी0 – pranavmgr01011987@gmail.com सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43 / 2020..3011 **पटना, दिनांक** :–21/10/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, बांका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(बांका)–43 / 2020..3011 **पटना, दिनांक** :–21/10/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/10/22

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप